>

Title: Regarding dharna at Jantar Mantar by the farmers of Pubjab.

श्री सुखदेव सिंह ढींडसा (संगरूर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने इसलिए नोटिस दिया था क्योंकि पंजाब के हजारों किसान जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे हैं और कोई भी उनको पूछने अथवा उनका मेमोरैंडम तक लेने के लिए नहीं जा रहा है। वे लोग पक्के तौर पर वहीं बैठे रहेंगे यदि सरकार ने उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

महोदय, पंजाब की जमीन बंजर होती जा रही है और वहां जमीन में पानी का लेवल नीचे होता जा रहा है। उनको इसके लिए कोई सुविधा नहीं दी जा रही है और न ही उनके लिए कुछ किया जा रहा है। इसलिए भारतीय किसान यूनियन की तरफ से एक बहुत बड़ा धरना वहां दिया जा रहा है। मेरी सरकार से मांग है कि उनकी बात सुने। उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा था, जो अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हमारा मेमोरैंडम ही ले लीजिए और हमारी बातों का जवाब ही दे दीजिए। जिस राज्य के किसान सेन्ट्रल पूल में 50 प्रतिशत फूड ग्रेन्स देते हैं, उस राज्य के किसान को कोई सुनने तक नहीं जाता है। वे लोग वहां बैठे हैं और अपना लंगर बना रहे हैं। मेरी सरकार से मांग है कि उनसे जाकर बात की जाए और प्रधानमंत्री से मिलने का टाइम उन्हें दिया जाए। जितना समय इसमें लगेगा, वे उतने ही देर वहां बैठे रहेंगे और यह उतना ही लम्बा चलेगा।

MR. SPEAKER: Thank you Dhindsa Saheb, you have raised it with a sense of responsibility.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: All the hon. Members who wish to associate, may send their names. The following hon. Members associated themselves with the matter raised by Shri Dhindsa:

1. Shri Avinash Rai Khanna
2. Shri Sandeep Dikshit